




UTTAR PRADESH POLICE RADIO

# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

मार्च-2018

अन्दर के पृष्ठों पर........


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध


## Shri Om Prakash Singh, IPS, DGP UP



Shri O.P. Singh is an alumnus of St. Xavier's College, National Defence College and Delhi University and holds a Master Degree in Political Science, MBA in Disaster Management and an M.Phil. degree from Madras University. He joined Indian Police Service in 1983.

Shri Singh has held several positions of responsibility in U.P. and Govt. of India addressing issues of law & order, crime prevention and detection, intelligence, traffic management, managing mega events, national and international disasters, aviation and industrial security etc. in various capacities. He has served in various organisations including SPG (P.M. Security), National Disaster Response Force (NDRF), CISF, CRPF dealing issues of internal security besides U.P. Police.

As Chief of NDRF (2014-2016) and CISF (2016-2018), Shri Singh focussed on transforming these organisations. In CISF, a multi-skilled tech savvy Force, he introduced several innovative measures in aviation security leading to seamless experiences at major airports of the country. During his tenure, CISF became the first Central Armed Police Force to get Quality Excellence Award (2017) for Best Airport Security at World Quality Congress. In 2016-2017, in all the security parameters of the Airport Service Quality (ASQ), Delhi and Mumbai airports, under his leadership were rated better than most prominent airports like Heathrow (London), Paris, Dubai and Los Angeles.

As Director General of National Disaster Response Force, he handled successfully major disasters like J&K Floods, Nepal Earthquake, Cyclone Hudhud and Chennai Urban floods and meticulously galvanized his response teams to carry out rescue operations saving lives of thousands of distressed and marooned victims. In Nepal Earthquake (2015), in which Shri Singh personally coordinated, oversaw and fast-tracked rescue and relief operations, the role of NDRF was highly applauded by Govt. of Nepal and United Nations at global level. As an acknowledgement of his efforts to lead from the front in such disaster responses, IIT Delhi published a case study on his leadership and managing change at NDRF in 2016.

He has been awarded with Indian Police Medal for Gallantry, Indian Police Medal for Distinguished Services and Indian Police Medal for Meritorious Services. While working in NDRF, he was given Distinguished Leadership Award for Disaster Resilience. He was also conferred with “Exceptional Contribution Award-2016” for successfully leading the disaster relief operations during unprecedented floods in J&K (2014) and Chennai (2015) and earthquake in Nepal (2015) besides revamping security apparatus of major airports in the country.

# उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रादेशिक वार्षिक प्रतियोगिता 2017 के विजेताओं का सम्मान

श्री प्रमोद कुमार तिवारी, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 19.02.2018 को रेडियो मुख्यालय पर जनपदों से आये राजपत्रित अधिकारियों एवं साइफर कोरियर्स की बैठक आहूत की गयी। बैठक में ''उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रादेशिक वार्षिक प्रतियोगिता–2017'' में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 21 विजेता कार्मिकों को क्रमशः रु. 5000.00, रु. 4000.00 एवं रु. 3000.00 के नगद पारितोषिक एवं प्रशस्ति–पत्र से सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिताएँ 08 श्रेणियों में दिनांक 15.01.2018 को रेडियो मुख्यालय पर सम्पन्न हुईं थीं।

## सी0डब्ल्यू0



प्रथम स्थान
रे0उ0नि0, एन सी अवस्थी



द्वितीय स्थान
प्र0परि0/4086, खुदादीन अंसारी



तृतीय स्थान
प्र0परि0/3429, ए आर यादव

## रेडियो टेलीफोनी



प्रथम स्थान
रे0उ0नि0, मेराज अंसारी



द्वितीय स्थान
प्र0परि0/3736, कमलासन पाण्डेय



तृतीय स्थान
प्र0परि0/5372, ध्रुवेन्द्र कुमार

## साईफर



प्रथम स्थान
रे0उ0नि0, सी डी दीक्षित



द्वितीय स्थान
प्र0परि0/4300, अशोक कुमार



तृतीय स्थान
प्र0परि0/3250, पी के सिंह

## कम्प्यूटर



प्रथम स्थान
प्र0परि0/5057, अमित कुमार



द्वितीय स्थान
प्र0परि0/5544, ए के सिंह



तृतीय स्थान
प्र0परि0/6690, कमलेश यादव

## अनुरक्षण



प्रथम स्थान
प्र0परि0यों/4435, शारदा प्रसाद



द्वितीय स्थान
प्र0परियों/4163 प्रेम बाबू



तृतीय स्थान
प्र0परि0यों/1062 कमल कुमार

## स्टोर कीपिंग एवं आफिस मैनेजमेन्ट स्टोर



प्रथम स्थान
प्र0परि0यों0/3506,सै0मो0 आरिफ



द्वितीय स्थान
प्र0परि0यों/3836 शैलेन्द सिंह



तृतीय स्थान
प्र0परि0यों/3840 सुनील कुमार

## समसामयिक विषय सीसीटीवी



प्रथम स्थान
प्र0परि0यों/3668, एस के पांडे



द्वितीय स्थान
प्र0परि0/5660 देवेन्द्र कुमार



प्रथम स्थान
प्र0परि0यों/258, राम बाबू सिंह
मार्डन कंट्रोल रूम कालटेकर

इस अवसर पर प्रदेश में कर्तव्य पालन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले निम्न 10 कार्मिकों को भी रु. 500.00 नगद पारितोषिक, प्रत्येक को, से पुरस्कृत किया गया– 1. प्र0परि0/4128, अनिल कुमार मौर्य 2. प्र0परि0/ 873, अरूण कुमार सिंह 3. प्र0परि0/ 569, राज कुमार 4. प्र0परि0/ 817, शमीम अहमद 5. प्र0परि0/ 5776, शैलेन्द्र यादव 6. प्र0परि0/4341, तेजवीर सिंह 7. प्र0परि0/5372, ध्रुवेन्द्र कुमार 8. स0परि0/5532, राकेश कुमार 9. स0परि0 /5666, श्वेता द्विवेदी 10. स0परि0/5667, गरिमा मिश्रा

## उ पलब्धियाँ

1. दिनांक 21 एवं 22.02.2018 को लखनऊ में सम्पन्न "इन्वेस्टर्स समिट" का उद्घाटन दिनांक 21.02.2018 को मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार द्वारा किया गया और समापन दिनांक 22.02.2018 को मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य द्वारा किया गया। "इन्वेस्टर्स समिट" में देश–विदेश की प्रमुख राजनैतिक हस्तियों के अतिरिक्त ख्याति प्राप्त उद्योगपति भी सम्मिलित हुए। "इन्वेस्टर्स समिट" के दौरान सभी अवसरों एवं मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार एवं मा0 राष्ट्रपति, भारत गणराज्य के भ्रमण कार्यक्रम हेतु भी निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित करायी गयी। इस दौरान 1150 वायरलेस सेट अतिरिक्त रुप से प्रयोग किये गये एवं 32 कर्मिकों की ड्यूटी विशेष तौर पर लगायी गयी।
2. जनपद अलीगढ़ में दिनांक 20.01.2018 से 09.02.2018 तक "राजकीय औद्योगिक एवं कृषि प्रदर्शनी" का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्थापित कन्ट्रोल रूम एवं थानों/चौकियों के मध्य उत्तम संचार कार्य हेतु मंडलायुक्त, अलीगढ़ श्री सुभाष चन्द्र शर्मा द्वारा प्रभारी कन्ट्रोल रूम प्रधान परिचालक यॉत्रिक/3501 मनोज कुमार कौशिक को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।
3. जनपद लखनऊ में दिनांक 24.01.2018 को मा0 उपराष्ट्रपति, भारत गणराज्य के जनपदीय भ्रमण, दिनांक 24.01..2018 से 25.01.2018 तक यूपी महोत्सव एवं दिनांक 26.01.2018 से 02.02.2018 तक सम्पन्न लखनऊ महोत्सव के दौरान निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।
4. दिनांक 04.02.2018, 08/09.02.2018 व दिनांक 13/14.02.2018 को मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के गोरखपुर भ्रमण कार्यक्रम हेतु निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

## स राहनीय कार्य

1. जनपद बुलंदशहर में दिनांक 01.02.2018 को समय 0020 बजे जिला नियंत्रण कक्ष को थाना खानपुर ने सूचना दी कि थानाध्यक्ष खानपुर जहॉगीराबाद अड्डे पर चेकिंग कर रहे थे। एक सफेद रंग की रिट्ज कार को रूकने का इशारा किया तो वह बैरियर को टक्कर मार कर भाग गयी है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए घेराबंदी करायी गयी। घेराबंदी के बाद एक बदमाश घायल अवस्था में पकड़ा गया।
2. दिनांक 02.02.2018 की रात्रि में जनपद नियंत्रण कक्ष, गोरखपुर में नियुक्त प्र0परि0/3281, ओबैदुर्र रहमान को रात्रि लगभग 0325 बजे थानाध्यक्ष झगहा द्वारा सूचित किया गया कि 02 अपराधी, मण्टू प्रधान, निवासी नई बाजार, थाना–झगहा पर फायर करके निपटा देने की धमकी देकर भाग गये हैं। इस सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0 द्वारा निकटवर्ती थाने चौकियों से घेराबन्दी करायी गयी। परिणामस्वरूप समय लगभग 0400 बजे कड़जहॉं, फोरलेन पर अपराधियों एवं पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी, जिसमें दोनों अपराधियों को गोली लगी एवं पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।
3. दिनांक 03.02.2018 को जनपद नियंत्रण कक्ष, बस्ती को समय लगभग 10.11 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोबाइल नम्बर 7409833496 से सूचित किया गया कि ट्रक नम्बरः यूपी 15एटी 7421 पर गौवंश को तस्करी/वध के लिये ले जाया जा रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर चेकिंग कराने के फलस्वरूप उक्त ट्रक चौकी खजौला, थाना–मुंडेरवा क्षेत्र में पकड़ लिया गया।
4. जनपद गाजियाबाद में दिनांक 03.02.2018 को समय 2135 बजे कण्ट्रोल रूम को सूचना प्राप्त हुई कि संतोष मेडिकल कालेज के पास 02 लड़के मोटरसाईकिल पर सवार पुलिस पार्टी पर फायरिंग करके भागे हैं। उक्त सूचना पर प्र0परि0यॉ0/3746, सत्यपाल सिंह द्वारा सघन चेकिंग कराकर घेराबंदी करायी। मुठभेड़ के बाद एक बदमाश को घायल अवस्था में पकड़ा गया। कार्यवाही में एक उपनिरीक्षक भी घायल हुआ।
5. जनपद गाजियाबाद में दिनांक 03.02.2018 को जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा चेकिंग कराने पर समय 2224 बजे हाईवे–1 द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक काली मोटरसाईकिल नम्बर अज्ञात पर एक लड़का काजीपुरा से वेबसिटी की तरफ भागा है। उक्त सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0/5578, विकास द्वारा सघन चेकिंग कराकर उक्त लड़के को पकड़वाया गया।
6. जनपद बुलंदशहर में दिनांक 04.02.2018 को नगर नियंत्रण कक्ष पर प्र0परि0/जावेद अली की ड्यूटी के दौरान समय 0215 बजे थानाध्यक्ष कोतवाली बुलंदशहर द्वारा सूचना दी गयी कि एक मोटर साईकिल सवार को रोकने पर नहीं रूका। उक्त प्र0परिचालक द्वारा त्वरित कार्यवाही कराकर एक बदमाश को घायल अवस्था में पकड़वाया गया।
7. जनपद गोण्डा में दिनांक 14.02.2018 को इवेंट संख्याः 4762 पर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम–रानीपुरवा में मनीष कुमार, उम्र 25 वर्ष ने नशे में अपना गला काट लिया है। इस सूचना पर पीआरवी 0859 को तत्काल मौके पर भेजा गया जिसके द्वारा उक्त व्यक्ति को जिला अस्पताल समय से पहुॅचा दिया गया।
8. जनपद बुलंदशहर में दिनांक 16.02.2018 को नगर नियंत्रण कक्ष, बुलंदशहर पर सहायक परिचालक/5436, शिवकुमार की डयूटी के दौरान एक मारूति कार सिल्वर कलर यूपी 16डी 3665 थाना–कातवाली देहात से चोरी की सूचना मिली। सूचना पर चेकिंग करायी जिसमें थाना खुर्जा द्वारा उक्त गाड़ी मय बदमाशों के पकड़ी गयी।
9. दिनांक 22.02.2018 को लगभग 0245 बजे निरीक्षक कोतवाली देहात, बुलंदशहर द्वारा जनपद नियंत्रण कक्ष को सूचना दी गयी कि माईपुरा पुलिया के पास उनकी बदमाशों के साथ मुठभेड़ चल रही है। फोर्स भिजवायें। इस सूचना पर ड्यूटीरत प्र0परि0/4348, देवेन्द्र कुमार द्वारा चौकी इन्चार्ज मण्डी व पीआरवी संख्याः 2140, 2102, फैन्टम–14, एसएचओ कोतवाली नगर व एसएचओ औरंगाबाद को घटना स्थल पर पहुॅचने हेतु बताया गया। संयुक्त अभियान के बाद एक बदमाश घायल अवस्था में मय 315 बोर तमंचा व स्कूटी पकड़ा गया।
10. जनपद बुलंदशहर में दिनांक 23.10.

2018 को 2040 बजे जहाँगीराबाद थाने से जनपद नियंत्रण कक्ष को सूचना दी गयी कि मोटरसाईकिल सवार 03 लड़के पुलिस पर फायरिंग करके भागे हैं। रोकने पर नहीं रूके। पुलिस द्वारा पीछा किया जा रहा है। इस सूचना पर ड्यूटीरत स0परि0/5461, कुलदीप कुमार द्वारा घेराबंदी करायी गयी। परिणामस्वरूप 02 बदमाश घायल अवस्था व 01 अन्य बदमाश पकड़ा गया।

## कल्याणकारी कार्य

1. उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से निकट भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के अवसर पर प्राप्त होने वाले वित्तीय लाभ के सही–सही उपयोग के विकल्पों से भिज्ञ कराने हेतु 17 कार्मिकों को Insitute for Industrial development samachar samiti, Siddhi Vinayak Building, 27/1/B, Gokhley Marg, Lucknow के विशेषज्ञों से दिनांक 23.02.2018 को निःशुल्क मार्गदर्शन कराया गया।
2. पुलिस रेडियो कार्मिकों एवं उनके परिवारों के लिए दिनांक 26.02.2018 को निःशुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 34 कार्मिक लाभान्वित हुये।
3. फरवरी/2018 में होम्योपैथिक चिकित्सालय में 407 कार्मिकों का उपचार किया गया।
4. प्रशिक्षणरत 97 कार्मिकों एवं 05 मेस फॉलोवर के ब्लडप्रेशर एवं शारीरिक भार की माप करायी गयी है। उच्च रक्तचाप वाले कार्मिकों को चिकित्सक के परामर्श से दवा लेने हेतु सूचित किया गया है। 03 मेस फॉलोवर्स के संचारी रोग विषयक आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया।

## शासनादेश, आदेश

1. मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः डीजी–आठ–94(07 निर्देश) 2018 दिनांक 28.01.2018 द्वारा सीयूजी सुविधा को उद्देश्यपरक बनाये रखने हेतु निम्न निर्देश देते हुए कड़ाई से अनुपालन करने/कराने हेतु निर्देशित किया गया है–

(1) सीयूजी मोबाइल 24 घण्टे स्विच ऑन मोड पर रखा जाय और किसी भी दशा में स्विच ऑफ न किया जाय।

(2) सीयूजी मोबाइल पर प्रत्येक इनकमिंग कॉल को रिसीव किया जाय।

(3) यदि किन्ही अपरिहार्य परिस्थितियों में तत्समय इनकमिंग कॉल को रिसीव न किया जा सके तो प्रथम अवसर प्राप्त होते ही कॉल–बैक कर वार्ता की जाय।

(4) सभी अपना सीयूजी फोन हमेशा ऑन रखें और उन पर प्राप्त होने वाली प्रत्येक कॉल को रिस्पॉड करें।

## आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

**पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार की गोष्ठियाँ एवं भ्रमण कार्यक्रम**

1. रेडियो मुख्यालय पर दिनांक 13.02.2018 एवं 27.02.2018 को साप्ताहिक गोष्ठियाँ सम्पन्न की गयीं।
2. दिनांक 07.02.2018 को जनपद जौनपुर, दिनांक 10.02.2018 को जनपद वाराणसी तथा दिनांक 23.02.2018 को जनपद आजमगढ़ एवं जनपद गोरखपुर की संचार इकाइयों का निरीक्षण/भ्रमण व संचार व्यवस्था की समीक्षा की गयी।

## रेडियो मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप

1. पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के स्थायी आदेश संख्याःएआरओएम–397 /2018 (त्रिपुरा) दिनांक 22.02.2018 द्वारा प्रदेश से बाहर विभिन्न ड्यूटियों में भेजे जाने वाले पी0 ए0सी0 कण्टीन्जेण्ट को कम्पनी/लाटून/ सेक्शन स्तर पर संचार व्यवस्था उपलब्ध कराये जाने हेतु संचार उपकरण एवं रेडियो स्टाफ का मानक निर्धारित किया गया है।

## विविध

## प्रशिक्षण गतिविधियां

1. दिनांक 01.11.2017 से संचालित चार माह के ग्रेड–द्वितीय विभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की अन्तिम परीक्षाएँ दिनांक 22.02.2018 से 27.02.2018 तक सम्पन्न करायी गयीं।
2. प्रान्तीय पुलिस सेवा के सीधी भर्ती के के 13 प्रशिक्षुओं का पुलिस रेडियो मुख्यालय में दिनांक 15.02.2018 को भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## सेवानिवृत्ति

फरवरी 2018 में सेवानिवृत्त हुए 15 कार्मिकों को परम्परागत रुप से पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र से सम्मानित किया गया।

लखनऊ में नियुक्त सभी 04 कार्मिकों को स्वयं पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा सम्मान–पत्र दिया गया।

## पुरस्कार

1. दिनांक 18.02.2018 को राजभवन में सम्पन्न "प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी–2018" में मा0 राज्यपाल, उ0प्र0 से पुलिस रेडियो मुख्यालय के लॉन को 1000 वर्गमी0 से 2000 वर्गमी0 वर्ग में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।



2. "प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी–2018" एवं नगर निगम की पुष्प प्रदर्शनियों में उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के पुष्पों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुए हैं जिनके सापेक्ष धनराशि रू0 5200/– का नगद ईनाम भी प्राप्त हुआ है।

सम्पादन एवं डिज़ाइन – श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर। सहयोगीगण–श्री वी0के0 वर्मा, रेडियो निरीक्षक एवं श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, रेडियो उप निरीक्षक, प्र0परि0ऑ0/3090, राम शंकर यादव। डिज़ाइन सहयोग– श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।

मुद्रक – शिवा PRESS ☎ 95989 666 88 प्रतियाँ – 200